

# मंत्रोच्चार के साथ किया भगवान परशुराम का अभिषेक, गूंजे जयकारे

**26 अप्रैल को निकलेगी भव्य शौर्य यात्रा**



**देवास।** गंगानगर स्थित राजराजेश्वर श्री परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन 19 अप्रैल रविवार को जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना, दुग्ध अभिषेक, हवन एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

श्री शिव मदन वैदिक विद्यालय देवास के आचार्यों पंडित देवनायक मिश्रा, पंडित कपिल शास्त्री, पंडित सूर्य प्रकाश मिश्रा, अश्विन पंडित एवं पंडित नानू पप्पू शास्त्री के आचार्यत्व में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। मुख्य पूजन में नगर युवा संघ अध्यक्ष विमल शर्मा एवं महासंघ महामंत्री महेंद्र व्यास विराजित रहे। युवा संघ जिला अध्यक्ष छोटू पांडे ने बताया कि पूजन के पश्चात सामूहिक यज्ञ आयोजित किया गया, जिसकी पूर्णाहुति समस्त उपस्थित समाजजनों द्वारा दी गई। और सभी ने भगवान परशुराम से समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का संचालन पंडित सतीश दुबे ने किया तथा युवा संघ महामंत्री कपिल व्यास ने आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने स्वल्पाहार ग्रहण किया ।कार्यक्रम में पं.ओपी तिवारी पं. देव कृष्ण व्यास पं. संजय शुक्ला पं.प्रयास गौतम पं.आशुतोष जोशी पं.शंकर लाल शर्मा पं.सुरेश चंद्र व्यास पं.रविकांत मिश्रा पं.दिलीप शर्मा पं.सतीश दुबे पं.दीपक जोशी पं.महेंद्र स्थापक पं.घनश्याम पं.नवीन दुबे मोदी आकाश अवस्थी अमिताभ शुक्ला, भरत व्यास,मयंक उपाध्याय,प्रतीक पंडित सुरेश शर्मा,आदित्य दुबे मंगेश शर्मा,रोहित उपाध्याय, मुकेश शर्मा, मोहित पंड्या, अंकित शर्मा,प्रेमनाथ तिवारी सतीश व्यास,आर पी मिश्रा यशोदा शर्मा,आशा शर्मा,विनीता व्यास,वंदना पांडे,रचना शर्मा रेखा शर्मा,मंगल दुबे,भावना बाजपेई,अनीता शुक्ला,रानी व्यास, उषा शर्मा, रीता शर्मा,प्रमोद व्यास, गोविंद मलतारे, मनोज शुक्ला, विनोद शर्मा, संजय त्रिवेदी, गिरधरलाल शर्मा, नारायण तिवारी, डी के पांडे, रघुनंदन समाधिया, देवी शंकर तिवारी, सदाशिव उपाध्याय, राधेश्याम तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, बीके मेहता, गौरी शंकर चौबे, पुष्पा पेशकार, श्याम पेशकार, ममता शर्मा, राजेश पाठक, अशोक शर्मा, प्रमोद व्यास, महेश व्यास, सुरेश शर्मा पत्रकार, लोकेंद्र शर्मा, मृत्युंजय व्यास, भानुकुल व्यास, नंदकिशोर शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, प्रेमानंद दुबे, आशीष दुबे, सत्यम पांडे, आशीष तिवारी, नरेंद्र नागर, मुकेश जोशी, गोविंद जोशी, सुदामा शर्मा, किशोर दुबे, अनिल शर्मा, मयूर व्यास,मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा, अशोक, प्रणय व्यास, कुमार चौधरी, कृष्णकांत शर्मा, अशोक चौबे, श्याम सुंदर शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, संदीप शर्मा, श्याम शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, महासंघ, युवा संघ एवं महिला संघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महासंघ ने समाज के सभी बंधुओं, माताओं एवं बहनों से भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित करने का आग्रह किया है ।साथ ही पारंपरिक भव्य एवं अनूठी शौर्य यात्रा रविवार को शाम 5.30 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर एमजी रोड होते हुए जवाहर चौक पर समापन करेगी। महासंघ ने समस्त ब्राह्मण समाज से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ब्रह्म एकता का परिचय और पुण्य लाभ लेने का निवेदन किया है।



## धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**देवास।** 19 अप्रेल को अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म बन्धुत्व संस्था देवास द्वारा मानस भवन शिवमंदिर बीएनपी देवास में संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित के नेतृत्व में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया।

संस्था के संरक्षक प संजय शुक्ला, अतिथि पं प्रमोद व्यास ,पं राम पदारथ मिश्रा,पं टिंकू शुकाला, पं अनिल पांड्या,पूर्व अध्यक्ष पं महेन्द्र शर्मा ने संस्था सदस्यों के साथ मिलकर पं गजेन्द्र शास्त्री,पं सुनील जोशी द्वारा भगवान परशुराम का पूजन कराया गया संस्था के प्रमुख्य पदाधिकारी पं चन्द्रशेखर दुबे ने बताया कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज के साथ सभी समाजों के आराध्य हें एवं भगवान के अवतार हें,उनके शौर्य और पराक्रम क्षमता साधना एवं कुशल व्यक्तित्व से हमें पूरे समाज को बहुत कुछ शिक्षा मिलती है। आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात ठंडे पेय की भी व्यवस्था कार्यक्रम में की गयी, इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी महासचिव पं राजकुमार शर्मा,पं विष्णु शर्मा, पं मुकेश जोशी,पं रघुनंदन शास्त्री, पं महेन्द्र स्थापक, पं अशोक चौबे, पं मांगीलाल तिवारी, पं राधेश्याम तिवारी, पं दिनेश जोशी, पं महेन्द्र कुंडल, पं नरेन्द्र नागर, शिव मंदिर समिति के मधुसूदन यादव, देवकरण कारपेन्टर, विक्रम चौधरी सहित अन्य विप्र बन्धु उपस्थित थे। उक्त जानकारी पं अशोक चौबे ने दी।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन मिलन ग्रुप ने बांटा इक्षुरस

**देवास।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जैन मिलन एवम महिला मिलन देवास द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कवि कालिदास मार्ग पर गन्ने के रस वितरण किया गया।

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर डॉ प्रमोद जैन ने जैन धर्म के अनुसार अक्षय तृतीया का महत्व बतलाते हुये कहा कि आज के दिन जैन धर्म प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी को कठोर तपस्या के 1 वर्ष 1माह 8दिन के उपरांत राजा श्रेणिक के हाथों इक्षुरस का आहार मिला था इसलिये जैन मताबलम्बी आज के दिन को आहार दान दिवस के रूप में मनाते है तथा प्राणी मात्र को आहार दान के कार्यक्रमो का आयोजन करते है इसी उपलक्ष्य में जैन मिलन देवास प्रतिवर्ष गन्ने के रस का वितरण का आयोजन करता है।

इस वर्ष आज के कार्यक्रम के




मुख्य अतिथि रवि जैन सभापति नगर निगम देवास ,अपर कलेक्टर संजीव जैन एवं विशेष अतिथि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष मनोहर जैन,सचिव शेलेन्द्र दोषी, अरविन्द पाणोत थे। अतिथियों का स्वागत जैन मिलन देवास के अध्यक्ष वीर मुकेश जैन बाँझल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर कैलाश चन्द जैन बाँझल, वीर विनोद जैन, वीर आर सी जैन, वीर राकेश जैन एडवोकेट महिला मिलन अध्यक्ष वीरांगना चारु जैन, वीरांगना रश्मि जैन, वीरांगना सन्ध्या जैन,वीरांगना अलका जैन आदि ने किया। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में दान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये आहार दान के महत्व को बतलाया तथा जैन मिलन देवास के द्वारा आयोजित समाज सेवा के कार्यो की भी प्रशंसा की। आयोजन में वीर अनूप जैन,वीर मोहन जैन,वीर अनिल जैन,वीर दीप चन्द जैन, वीर विकास जैन अपने, वीरांगना लक्ष्मी जैन, वीरांगना स्वर्णलता जैन का सहयोग सराहनीय रहा।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में 110 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**टोंकखुर्द।** रविवार को जनपद पंचायत टोंकखुर्द के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत एक भव्य आयोजन स्थानीय मंडी प्रांगण में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी समारोह में कुल 110 पात्र कन्याओं का विवाह एवं निकाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया।

शासन की मंशानुरूप इस आयोजन में पारदर्शिता और सुगमता का पूरा ध्यान रखा गया। प्रत्येक वधु के बैंक खाते में शासन द्वारा निर्धारित 49,000 की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अंतरित की गई। विवाह संपन्न कराने हेतु प्रांगण में 55 वेदी बनाई गई थीं, जहाँ विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच विवाह संस्कार पूर्ण हुए। आयोजन स्थल पर भोजन, शीतल जल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा पुख्ता की गई थीं। कार्यक्रम में डॉ. राजेश सोनकर विधायक,



लीलाबाई अटारिया अध्यक्ष, जिला पंचायत, पोप सिंह ठाकुर अध्यक्ष, जनपद पंचायत, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, गोपाल कृष्ण व्यास, और राजेश धाकड़ जनपद पंचायत के समस्त सदस्य, नगर पंचायत के पार्षद और बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## स्थानांतर होने पर वीरेंद्र सिंह को दी विदाई



देवास। बैंक नोट प्रेस के मुद्रण विभाग के डी एम वीरेंद्र सिंह का देवास से इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक स्थानांतर होने पर विभाग के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने खेड़ापति होटल पर समारोह का आयोजन कर विदाई दी। आयोजन मुख्य अतिथि प्रेस के संयुक्त महाप्रबंधक दीपक वर्मा, मैनेजर इदरीश अंसारी थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का विभाग की ओर से वरिष्ठ पर्यवेक्षक मोहम्मद नायब ने पुष्पगुछ एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया। इसके पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वीरेंद्र सिंह का पुष्प माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से अशोक राव, जितेंद्र मीणा, पंकज कांबले, मयूर इंगोले, हेमंत प्रजापति, सुधीर सिंह ठाकुर, हेमंत कदम, संतोष मित्रा, शेषनाथ यादव, हेमंत शर्मा, राहुल त्रिवेदी, चेतन वेद, अविनाश मुरादे, रोशन भोर, रोहित सोलंकी, जितेंद्र डोयरे, यशवंत चौहान, अमूल दुबे, अनुज शर्मा, चेतन कालेसरिया, रवि प्रकाश, रोहित चौधरी, सचिन कुमार, भरत कुमार आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी गण एवं अधिकारीकरण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सतीश मेर ने किया एवं अंत में आभार कार्य समिति सदस्य कमल सिंह चौहान ने माना।

## क्रिकेट खेलते कुएं में गिरने से दो मासूमों की मौत

देवास। नेवरी में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के साथ एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाला हादसा हो गया। खेल के दौरान गेंद पास के एक कुएं में जा गिरी। गेंद निकालने के प्रयास में एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर पड़ा। उसे बचाने के लिए दूसरा बच्चा भी कुएं में उतरा, लेकिन वह भी संतुलन खोकर कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत रेस्क्यू कर दोनों बच्चों को बाहर निकाला और हाटपिपल्या अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान देवेंद्र (15 वर्ष), पिता मुकेश गोस्वामी, निवासी बरोठा फाटा नेवरी एवं राजवीर (16 वर्ष), पिता विनोद नायक, निवासी बरोटा फाटा नेवरी के रूप में हुई है।

## तालाब पर चला सफाई अभियान

**देवास।** जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत 17 अप्रेल शुक्रवार को महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, उपायुक्त आरती खेड़ेकर,सहायक यंत्री जगदीश वर्मा एवं सामाजिक संस्था तथा स्वच्छता की टीम के साथ स्वच्छता अभियान के तहत मीठा तालाब पर सफाई अभियान चलाया। अभियान में मीठा तालाब के आसपास कचरा से निकाला गया तथा टीम ने तालाब की सफाई में बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। महापौर ने कहा कि जल संचय को लेकर हम सब मिलकर जल संवर्धन हेतु संकल्पित हैं। महापौर ने जल है तो कल है को लेकर जल संचय हेतु शपथ भी दिलाई। विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रवाल ने कहा निगम की स्वच्छता की टीम तथा जन सहयोग एवं सामाजिक संस्थाओं,स्कूल संस्थाओं एवं रहवासी संघों के सहयोग से निरंतर जलाशयों, कुओं, बावड़ियों की सफाई करेंगे तथा जल जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग भी लगाये जाने का कार्य कर रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि हम सभी को मिलकर जल संचय अभियान जल गंगा संवर्धन का कार्य निरंतर करना है। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को अनमोल पानी उपलब्ध हो सके। इस हेतु नगर वासियों से रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हर घर में लगाये जाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक रंजीत सिंह पंजाबी, सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, शंकर सांगते, विकास सांगते, विजय सांगते, रवि गोयनार आदि उपस्थित थे।

## ब्लॉक के मलेरिया इंस्पेक्टर का सेवानिवृत्ति सम्मान

**बागली।** बागली स्वास्थ्य विभाग में मलेरिया इंस्पेक्टर के रूप में सेवा देने वाले आनंद गोयल के विदाई समारोह में बागली स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सि बि एम ओ डक्टार अमित नागर एवं डाक्टर हेमन्त पटेल डाक्टर दिनेश सोलंकी डाक्टर पुरोहित डाक्टर दुबे एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियो उपन्थिती में सम्पन्न हुवा । इस अवसर पर डाक्टर नागर ने सेवा निवृत्त आनन्द गोयल के कार्य करने की शेली एवं जिवन पर प्रकाश डालते हुए सदा स्वस्थ एवं सुखी रहने की कामना की । बागली सुपरवाइजर नन्दकिशोर मोहवाल के मित्र रहे गोयल के सम्बन्ध में मोहवाल ने बताया की वे सदा मृदुभाषी रहे एवं अपने हर कार्य को लक्ष्य तक पहुंचने की कला उनमे थी वे अपने अधिनस्थ



कर्मचारीयों के साथ मिलकर काम करना जानते थे और उसे पुरा करते थे। इस अवसर पर रतनसिंह जामले , आर एस चौहान , यतिन्द्र बैरागी , अनिल जोशी , अनिल ठाकरे ,योगिता योगी , मेहरू वास्केल , सुरेश वाजपेयी , मुकेश उपाध्याय , राजेश यादव, भगत सिंह राठौड़ कार्यक्रम का संचालन बि. ई ई राधेश्याम चौहान द्वारा किया एवं आभार मनोहर यादव द्वारा माना गया । ब्लाक के सभी कर्मचारियो द्वारा शाल श्रीफल एवं पुष्पमाला और साफा पहनाकर सम्मानित किया

## अमलतास मेडिकल कॉलेज में 4-दिवसीय विशेष ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

**लैब डॉक्टर्स और तकनीशियन सीख रहे हैं गुणवत्ता के मानक**

**देवास।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित अमलतास अस्पताल आज आधुनिक चिकित्सा सेवाओं और सामाजिक सरोकारों का एक सशक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चेयरमैन डॉ. अभिजात शाह ने अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा सेवाओं की सराहना की।

अपने दौरे के दौरान डॉ. शाह ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने इमरजेंसी मेडिसिन, अत्याधुनिक आईसीयू , रोबोटिक



तकनीक से सुसज्जित यूनिट, ऑब्स्टेट्रिक्स (ओबीएस) वार्ड, सोनोग्राफी विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अमलतास अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक मशीनें और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों को उच्च स्तरीय और सुरक्षित उपचार प्रदान कर रही है, जो किसी भी बड़े शहरी अस्पताल से कम नहीं है। डॉ. शाह, जो स्वयं एक अनुभवी कार्डियक विशेषज्ञ हैं, ने अस्पताल के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उपचार पद्धतियों, मरीजों की देखभाल और आपातकालीन सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव और मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि देवास जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर का अत्याधुनिक अस्पताल संचालित होना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल आसपास के हजारों मरीजों को लाभ मिल रहा है, बल्कि उन्हें बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता भी कम हो रही है। अस्पताल भ्रमण के दौरान डॉ. शाह ने भर्ती मरीजों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार की गुणवत्ता और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल की सेवाओं, डॉक्टरों के व्यवहार और उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। डॉ. शाह ने अस्पताल द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र और स्पेशल स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अमलतास अस्पताल केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहा है। नशा मुक्ति केंद्र में जहां लोगों को नई जिंदगी देने का प्रयास किया जा रहा है।

# कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**भौरासा।** श्री रुद्र यज्ञ, श्री राम कथा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के भव्य एवं दिव्य महोत्सव के आयोजन मे भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम , भक्ति भावपूर्ण आयोजन आज से ग्राम पंचायत काकड़दा में पांच दिवसी शिव पार्वती परिवार प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन आज से आरंभ हुआ कार्यक्रम से पूर्व पूरे ग्राम में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जहां महिलाओं के सिर पर कलश नारियल रखकर कलश यात्रा पूरे ग्राम में निकाली।

काकड़दा में संस्था पहलाद श्री



एवं समस्त धर्म प्रेमी ग्राम वासियों के सहयोग से एव प्रेरणा स्रोत श्री स्वर्गीय प्रहलाद सिंह जी नागर की प्रेरणा से व श्री श्री 1008 धर्मेंद्र पुरी जी महाराज महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा केवड़ेश्वर आश्रम ओंकारेश्वर एवं जूना खड़ा उज्जैन,व महंत श्री अभिराम जी दास काटकूट आश्रम बड़वाह, ज्योतिष आचार्य श्री पुरुषोत्तम जी भार्गव महाराज इंदौर, हनुमान भक्त संत बाबूलालजी महाराज ग्राम भलाई कला, संत श्री सत्येंद्र जी शर्मा राधा धाम आश्रम देवास, संत श्री इंदर सिंह जी नागर राम शरणाम आश्रम देवास के मुख्य अतिथि में आज से पांच दिवसीय प्रतिदिन श्री राम कथा हवन यज्ञ पूजन का आयोजन यज्ञ आचार्य पंडित श्री विजेंद्र द्विवेदी एवं कथा वाचक पूज्य श्री राम जाने जी महाराज ताजपुर उज्जैन वाले के मुखाबिंद से प्रतिदिन संपन्न होगी श्री राम कथा का आयोजन प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक होगा यज्ञ से पूर्व स्वर्गीय पहलाद सिह नागर स्मृति द्वार का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि संतों के द्वारा किया गया ।वहीं प्रतिदिन

## टोंकखुर्द में डेढ़ लाख की अवैध शराब जब्त

**दो कारें बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार**

**देवास।** जिले की टोंकखुर्द पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक की अवैध शराब जब्त करते हुए दो महंगी कारें भी बरामद की हैं। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य फरार हो गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टोंककला स्थित कलाली के पास एक कच्चे रास्ते पर दो चार पहिया वाहनों में अवैध शराब भरकर परिवहन के लिए खड़ी है। सूचना की पुष्टि के लिए थाना प्रभारी टोंकखुर्द आलोक कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर दो कारें खड़ी मिलीं। पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा, जो एक कार से दूसरी कार में शराब की पेटियां रख रहा था। हालांकि, दूसरी कार का चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान संजय पिता कमलसिंह धाकड़ (38 वर्ष), निवासी ग्राम आलरी के रूप में हुई है।



## ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**भौंरासा ।** आज सत्य के रक्षक, शस्त्र व शास्त्र के ज्ञाता, महा पराक्रमी योद्धा,भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ औदुंबर धर्मशाला में मनाया गया। औदुम्बर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश जोशी परसाई महाराज ने परशुराम जी का पूजन-पाठ किया गया एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर नगर परसाई संजय जोशी, ओमप्रकाश चौधरी, श्री कृष्ण चौधरी, राजेंद्र कुमार चौधरी, श्री राम कृष्ण चौधरी, अशोक नागर, नरेश दुबे, संतोष चौधरी, मनोज जोशी, वीरेंद्र कुमार चौधरी, मनोज शुक्ला, सतीश तिवारी, संजू चौधरी, मंगलेश चौधरी, सचिन तिवारी, अरविंद चौधरी, रजत चौधरी, शुभम नागर, राहुल बंड, जयप्रकाश चौधरी, तपेश चौधरी, सहित आदि ब्राह्मण समाज के बच्चे महिला पुरुष समाज जन उपस्थित रहे।

**एक नजर में** — बैकलेन के सुधार और सौंदर्यीकरण के लिए लगातार किए जा रहे विकास कार्य

## देवास दूसरी बार स्वच्छता में नंबर-1 बनने को तैयार, सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियां तेज

**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर निगम देवास ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके लिए स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण का यह 10वां संस्करण होगा।

इस बार थीम रखी गई है- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ। देशभर के 4909 शहर इस सर्वेक्षण में भाग ले रहे हैं। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण तैयारियों हेतु किए जा रहे कार्य आई.इ.सी फील्ड कोऑर्डिनेटर द्वारा हर वार्ड में डोर-टू-डोर जागरूकता एवं हर दिन 4 बिन अभियान चलाकर कचरा संग्रहण को रूट मैप एवं रूट चार्ट के आधार पर शतप्रतिशत वार्डों में कवर किया जा रहा है।आई.इ.सी सदस्यों द्वारा हर घर दस्तक जागरूकता गतिविधियाँ, डोर-टू-डोर अभियान, स्कूलों में जागरूकता शिविर, नुक्कड़ नाटक और सार्वजनिक स्थानों पर रेड व येलो स्पॉट अर्थात पान गुटके एवं खुले में पेशाब के दाग की सफाई के साथ प्लास्टिक प्रतिबंध के बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। शहर में खंभों पर बैनर फ्लेक्स एवं दीवारों से पोस्टर बिल हटाने हेतु कार्यवाही की जा रही है। लक्षित



क्षेत्रों, व्यावसायिक क्षेत्रों और सार्वजनिक क्षेत्रों में दीवार पेंटिंग, कलाकृति पेंटिंग और स्वच्छता नारे लेखन का कार्य किया जा रहा है। सार्वजनिक मूत्रालय, सार्वजनिक शौचालय व सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव का कार्य किया जा रहा है। आरआरआर केंद्र की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है जहां नागरिक कपड़े, बर्तन, किताबें जरूरतमंदों को दान हेतु दे सकते हैं। शहर के चिह्नित कचरा पड़ाव स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

बैकलेन के सुधार एवं सौंदर्यीकरण हेतु कार्य प्रगति पर है। वार्डों में पेवर ब्लॉक, गड्ढे और पैदल मार्ग की मरम्मत का काम चल रहा है।